मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-74
29/01/2026

# मुख्यमंत्री ने एपिकॉन– 2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन

पटना, 29 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बापू सभागार में आयोजित एपिकॉन (एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ द एसोसिएशन ऑफ फिजिसियंश ऑफ इंडिया)– 2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को एपिकॉन के आयोजकों द्वारा प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न पुस्तकों का विमोचन भी किया। बापू सभागार में आयोजित सम्मेलन में देश भर के चिकित्सक शामिल हुये हैं। इस चार दिवसीय आयोजन के दौरान चिकित्सा विज्ञान से जुड़े नवीनतम शोध एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विमर्श होगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

******